आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 27.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य में समान नागरिक संहिता का एक वर्ष पूरा। राजधानी सहित प्रदेशभर में "यूसीसी दिवस" का आयोजन।
- बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू कीं।
- हरिद्वार नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। गंदगी फैलाने वालों और प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वालों के विरुद्ध भी चालानी कार्रवाई।
- प्रदेश में एक बार फिर मौसम में हुआ बदलाव। राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की खबर।

<u>यूसीसी</u>

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यूसीसी को लागू हुए आज एक साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में "यूसीसी दिवस" मनाया जा रहा है। टिहरी जिले में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित में बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि ग्राम स्तर पर यूसीसी के सफल क्रियान्वयन में ग्राम प्रधानों की भूमिका सराहनीय रही है, जिसके कारण आमजन तक योजनाओं और अधिकारों का लाभ समान रूप से पहुंच रहा है। जिला जज नितिन शर्मा ने ग्राम प्रधानों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें मजबूत करने वाला बताया। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि यूसीसी के तहत सभी प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनें। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधानों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में यूसीसी को लेकर जागरूकता बढ़ी है और लोगों को इसके लाभ मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूसीसी के तहत जिले की एक हजार 49 ग्राम पंचायतों में से 459 ग्राम पंचायतों को लक्ष्य पूरा करने पर प्रमाण पत्र दिया गया है।

<u>बाबा रामदेव</u>

योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप उत्तराखंड से यूसीसी लागू करने की सबसे बड़ी पहल की गई है। उन्होंने यूसीसी के एक साल पूरा होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्र सरकार को बधाई दी है।

गौरतलब है कि 27 जनवरी 2025 को लागू हुए यूसीसी ने राज्य के सामाजिक और कानूनी ढांचे को नई दिशा दी है। विवाह, तलाक और लिव–इन संबंधों से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल और डिजिटल बनाकर इसने आम नागरिकों के लिए व्यवस्थाओं को कहीं अधिक सहज बनाया है।

चारधाम यात्रा तैयारी

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। गौरतलब है कि बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे, जबकि शिव रात्रि पर केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित की जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाना शासन, प्रशासन और मंदिर समिति की उच्च प्राथमिकता है, जिसको लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

अतिक्रमण

हरिद्वार नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत रोड़ीबेलवाला क्षेत्र, सुभाष घाट, मालवीय घाट, नाई घाट, शिव घाट, बिरला घाट, हाथी पुल और तिरछा पुल पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। इस दौरान गंदगी फैलाने वालों और प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। हरिद्वार नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। वहीं, अतिक्रमण हटाने के बाद संबंधित क्षेत्रों में व्यापक स्वच्दता अभियान भी चलाया गया।

मौसम

प्रदेश में आज एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ है। राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के समाचार हैं। वहीं, राजधानी देहरादून सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के निदेशक सी.एस. तोमर ने बताया कि देहरादून, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं–कहीं ओलावृष्टि तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों में आज कक्षा एक से 12वीं तक के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय, अशासकीय और निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

<u>शारदीय कांवड़ यात्रा</u>

शारदीय कांवड़ यात्रा से पहले हरिद्वार जिला प्रशासन कावड़ मेले की तैयारी में जुट गया है। अपर जिला अधिकारी, प्रशासन, पी.आर चौहान ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि बैठक में पुलिस, परिवहन और सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने कांवड़ मेले के दौरान किए जाने वाले कार्यों के बारे में चर्चा की गई।